हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

12 ग्रीन बेल्ट और सड़क पर अवैध कब्जे एचएसवीपी...



12 बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखकर किया पुलिस...



## खबर संक्षेप

### नारनौंद बार एसो. का चुनाव 15 मई को

**नारनौंद।** नारनौंद बार एसोसिएशन का चुनाव 15 मई को होगा। जिसको लेकर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बैठक करके शांति पूर्वक चुनाव करवाने के लिए खाका तैयार किया। एसोसिएशन के चुनाव के लिए नियुक्त अधिकारी मुख्य चुनाव अधिकारी कुलदीप सिंह भाटीवाल ने बताया कि बार एसोसिएशन की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया हैं कि दो पद महिला अधिवक्ता के लिए आरक्षित किए जाए। इस पर सहसचिव और लाइब्रेरियन के पद महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। चार पद ओपन के लिए रखे गए हैं।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 20 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14 और सेक्टर-33 के आस-पास क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो-अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### स्वच्छता के नियम तोड़ने पर काटे 17 के चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में निगम अधिकारी विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट व रामपूरा मोहल्ला में पांच घरों व दुकानदारों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन ने करने पर चालान किया। इसके साथ ही सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, आईईसी एक्सपर्ट हरिराम गुज्जर ने मिलगेट रोड़ और मिर्जापूर रोड पर सिंगल यूज प्लॉस्टिक का प्रयोग करने पर चार दुकानदार के चालान किए। इसके अलावा एएसआई सन्नी ने सेक्टर 9-11 आरसीटी फ्लैट में कचरा सेग्रीग्रेशन करके नगर निगम के वाहन में डालने पर आठ घरों के चालान किए।

### ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच, मुफ्त में दी दवाएं


**नारनौंद ।** उपमंडल के महाग्राम बास में नव युवा जागृति मंच द्वारा जनहित में गांव के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित बाबा बांका मंदिर में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग शिविर कैंप का आयोजन करवाया गया। मंच के उपप्रधान हरिओम शर्मा ने बताया कि यह कैंप आयुष विभाग हरियाणा सरकार के अंतर्गत पेटवाड़ डिस्पेंसरी के कर्मचारियों द्वारा सहयोग से लगाया गया। इसमें सैकडो लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस मौके पर मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनीता ने बताया कि पेटवाड़ डिस्पेंसरी पर 85 तरह की आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रधान कपित वत्स, साहिल मौण, कुनाल नारनौंद, रुद्राक्ष गौतम, विपिन बास, अजमेर राणा आदि थे।

### थुराना में हुआ बच्चों के लिए पोषण कार्यक्रम

**हांसी।** महिला एवं बाल विकास विभाग हांसी द्वितीय द्वारा सोमवार को थुराना गांव में पोषण अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर संवेदना यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव स्तर की जागरूक माताओं व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरवाइजर संवेदना ने सही पोषण देश रोशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स और माताओं को समाज निर्माण में अपने सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मौजूद सभी महिलाओं को बच्चों के पोषण के बारे में शपथ भी दिलवाई गई।



**बरवाला।** विरोध प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मजदूर बाडो पट्टी टोल कमेटी व अन्य।



**उकलाना।** प्रदर्शन करते किसान सभा के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि



**नारनौंद।** गांव बास की अनाज मंडी में किसान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिलेभर में हुआ आंदोलन

# खरीद की नई शर्तों का कड़ा विरोध, किसानों ने मंडी कार्यालय पर ताला जड़कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा, हरियाणा के आह्वान पर किसानों ने हिसार सहित प्रदेशभर की मंडियों में मंडी कार्यालयों का घेराव करके नारेबाजी की। किसानों ने सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तीन घंटे का धरना दिया और मंडी ऑफिस के गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के विरोध और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता शमशेर नंबरदार व राजीव मलिक ने की। आंदोलन के दौरान मंडी कार्यालय दोपहर 2 बजे तक पूरी तरह बंद रहा। किसानों ने इस दौरान बायोमेट्रिक प्रणाली और अन्य नई शर्तों का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। किसानों ने मांग की कि अब तक हुई गेहूं खरीद का पूरा भुगतान तुरंत किया जाए, गेहूं के उठान में तेजी लाई जाए व गेहूं और सरसों की खरीद से संबंधित पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से अभेराम फौजी, राम लाडवा, रोशन लाल लाडवा, सुधीर सिंघवा, ईश्वर सुंडावास, रामवीर न्योली, शमशेर भेरिया, सोमबीर पिलानियां, नसीब सातरोड, बलराज मलिक, वजीर बल्हारा, सुरेश यादव, दिलबाग हुडा, कृष्ण पाली, रविंद्र, सूरजमल, मितु ढाका सुंडावास सहित अनेक किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**हांसी।** मार्केट कमेटी के गेट को बंद करके धरना देते किसान। फोटो : हरिभूमि



**हिसार।** मार्केट कमेटी कार्यालय में धरने पर बैठे किसान संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

### मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय का किया घेराव

- मुआवजे की मांग को लेकर किसान सभा के शिष्टमंडल ने तहसीलदार के नाम सौंपा ज्ञापन

**उकलाना।** बायोमेट्रिक प्रणाली तथा अन्य नई शर्तों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने मंडी कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान मा. फूल सिंह की अध्यक्षता में सुबह मंडी कार्यालय के मुख्य गेट पर लगभग तीन घंटे धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा ने किया। इस मौके पर किसानों ने बायोमेट्रिक प्रणाली तथा अन्य नई शर्तों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया ने कहा कि हरियाणा सरकार मंडियों में फसल बिक्री के लिए नए नियम जबरन लागू कर रही है, जो किसानों को परेशान करने की साजिश है। इस मौके पर किसान सभा के किसान सभा सचिव प्रदीप बूरा, कैशियर दयानंद ढुकिया, रमेश पूनिया, सोनू ढाका, इन्द्र सिंह पाबड़ा, ओमड़, सतबीर फरीदपुर, सतपाल खैरी, कृष्ण खैरी आदि मौजूद थे।

### मांगों को लेकर किसानों ने मार्केट कमेटी का गेट बंद कर दिया धरना

**आगजनी से किसानों को हुए नुकसान पर मुआवजे की मांग**

**हांसी।** संयुक्त किसान मोर्चा ने फसल खरीद नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को अनाज मंडी में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान मार्केट कमेटी का गेट को बंद कर उसके सामने धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर किसान नेताओं रणवीर मलिक और सुरेश कोथ ने बताया कि यह प्रदर्शन नए फसल खरीद नियमों, बायोमेट्रिक प्रक्रिया और गेहूं उठान में हो रही देरी के विरोध में किया जा रहा है। वहीं किसान नेता सुरेश कोथ ने कहा कि किसानों द्वारा बेचे गए गेहूं का अनाज मंडी से उठान नहीं होता है, तब तक किसानों के खातों में फसल की भुगतान राशि नहीं पहुंचेगी। उन्होंने सरकार से गेहूं उठान की प्रक्रिया को तेज और सुचारु बनाने की मांग की। किसान नेता संदीप चहल ने हांसी के डंपिंग स्टेशन में आग लगने से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की भी मांग उठाई। इस प्रदर्शन में अनाज मंडी एसोसिएशन के रामअवतार तायल, जोगेंद्र मय्यड़ सहित भारतीय किसान यूनियन के कई नेता व सदस्यों सहित काफी संख्या में किसान और आढ़ती मौके पर मौजूद थे।

### नारनौंद में उठी नए कानून वापस लेने की मांग, प्रदर्शन भी किया

- मार्केट कमेटी कार्यालय का तीन घंटे तक घेराव करके सरकार के खिलाफ लगाए नारे

**नारनौंद ।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बास मंडी मार्केट कमेटी के कार्यालय पर ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता भारतीय किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष किसान नेता विकास सीसर, धर्मपाल बडाला, राजेश पानु, माकड़ मोर और बलवंत आर्य ने संयुक्त रूप से की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसान ओर मजदूर को कमजोर करने पर तुली हुई हैं। उनके खिलाफ ऐसी योजनाएं तैयार की कर रही जिसके कारण वो खेती को छोड़ने पर मजबूर हों जाए। किसानों ने कहां जब तक सरकार फसल खरीद के सभी ऑनलाइन (बायोमेट्रिक पोर्टल) नियम वापस नहीं लिए जाएंगे, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय का तीन घंटे तक घेराव करके सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

### आदमपुर में मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला जड़ा

**आदमपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी ने तहसील प्रधान कपूर सिंह बगला व मास्टर अमीलाल की सयुक्त अध्यक्षता मे मार्केट कमेटी के सामने धरना लगाया व 3 घंटे तक गेट पर ताला लगाए रखा ।

तहसील सचिव सतबीर सिंह धायल ने कहा कि यह आन्दोलन हरियाणा सरकार द्वारा मंडियों फसल बिक्री के लिए जबरदस्ती लागू किए जा रहे किसान विरोधी नियमों के खिलाफ किया जा रहा है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक हरियाणा सरकार ये नियमं वापिस नही ले लेती है। किसान नेताओं का स्पष्ट आरोप है कि सरकार की मंशा किसानों को सुविधा देने की नही, बल्कि उन्हे परेशान करने और धीरे धीरे मंडी व्यवस्था को खत्म करने की है। धरना पर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान नवीन बैनीवाल, किसान सभा तहसील कोषाध्यक्ष रूघुबीर सिंह मण्डेरना, मांगेराम गोदारा, जगदीश पूनिया, सरवन, पंकज बगला, राजेश सहारण, शीशराम कुलरिया, कृष्ण सांवत, दलीप पूनिया, परमानन्द कोहली आदि मौजूद रहे।

### बरवाला में अनाज मंडी के मुख्य गेट पर लगाया ताला

**बरवाला।** संयुक्त किसान मोर्चा, हरियाणा के आह्वान पर संयुक्त किसान मजदूर बाडोपट्टी टोल कमेटी के नेतृत्व में अनाज मंडी के मुख्य गेट पर तालाबंदी की गई और धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह तालाबंदी और विरोध प्रदर्शन प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक किया गया। इस तालाबंदी एवं विरोध प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता मास्टर कर्मबीर जलंधरा, सतिंद्र कोथ और रोहतास राजली ने की, जबकि संचालन सरदानन्द राजली द्वारा किया गया। इस आंदोलन के दौरान मंडी कार्यालय पूरी तरह बंद रहा और किसानों ने बायोमेट्रिक प्रणाली तथा अन्य नई शर्तों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर सत्यवान खेदड़, बलवान बैनीवाल, सुरजभान, ऋषिकेश राजली, फूलकुमार भ्याण, सत्यवान रेड्डू, सुमेर किनाला, रामनिवास खरकपुनिया, सरबत पुनिया, राजू बधावड़, कृष्ण ढाड, मोहनलाल राजली, प्रदीप बूरा, कुलदीप भ्याण, महासिंह सिंधु आदि मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद: आंबेडकर चौक पर भिड़े दो पक्ष, जाम

- हंगामा करने वालों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**हांसी।** शहर के बीच से गुजरने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आंबेडकर चौक पर सोमवार को दो पक्षों के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद के चलते महिला और पुरुषों के बीच मारपीट हो गई। अचानक हुई मारपीट की घटना के चलते आंबेडकर चौक पर भारी भीड़ जमा हो गई जिसके चलते वहां जाम लग गया। जानकारी के अनुसार जींद जिले के गांव बुढ़ाना निवासी एक व्यक्ति और उसी गांव के ही एक दूसरे व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच हुई कहासुनी हाथापाई में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झगड़े में कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। बताया जा रहा है कि यह मामला एक पारिवारिक विवाद से जुड़ा है, जिसमें एक व्यक्ति पर आरोप है कि वह अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर अन्य महिलाओं के साथ घूम रहा था। इसी दौरान उसे अंबेडकर चौक पर पकड़ लिया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनाव बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। आंबेडकर चौक पर मारपीट व रोड़ जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर वहां हंगामा कर रहे कुछ लोगों और महिलाओं को हिरासत में लेकर शहर थाने ले जाया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी घरेलू विवाद का प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भिवानी रोड पर गांव मिलकपुर में ट्रैक्टर और कार की टक्कर

## ममेरी बहन का छुछक देकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

भिवानी रोड स्थित मिलकपुर गांव के समीप रविवार देर रात एक ट्रैक्टर व कार की भिड़ंत में कार चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान विकास नगर कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय मोनू के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल बच्चे को हांसी के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलने पर बवानीखेड़ा थाना पुलिस ने हांसी नागरिक अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों के बयान पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

### कार के परखच्चे उड़े

नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक के मामा अनिल कुमार ने बताया कि उसके भाई अशोक की बेटी को पुत्र पैदा हुआ था और दोहता होने की खुशी परिवार के सदस्य रविवार दोपहर बाद कुंआ पुजन के लिए पीलिया (छुछक) देने के लिए भिवानी जिले के गांव सुई गए थे। कुंआ पुजन के उपरांत मोनू रविवार रात करीब 12 बजे अपनी कार में सवार होकर वापस हांसी आ रहा था और जैसे ही उनकी कार मिलकपुर गांव के समीप पहुंची और आगे चलकर रहे ट्रैक्टर को क्रास करने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर चालक ने अचानक से अपने ट्रैक्टर को मोड़ दिया जिससे मोनू की कार ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई और ट्रैक्टर को टक्कर लगते ही कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार चालक मोनू व कार में सवार एक 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ वहां से फरार हो गया। इसी दौरान दूसरे वाहनों में सवार होकर वापस आ रहे परिवार के सदस्यों ने दोनों घायलों को कार से निकाल कर उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया लेकिन परिजनों ने उसे हांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मृतक अपने पीछे छोटे छोटे दो बच्चे एक लड़का व लड़की छोड़ गया।

### भट्ठी फटने से घायल मजदूर की मौत

**हिसार।** शहर के दिल्ली रोड स्थित रोलिंग मिल में स्क्रैप गलाने वाली भट्ठी फटने से गंभीर रूप से घायल हुए सातरोड निवासी 26 वर्षीय विशाल ने इलाज के दौरान दमतोड़ दिया।यह हादसा 11 अप्रैल को हुआ था। इस हादसे में कुल पांच मजदूर बुरी तरह झुलस गए। इनमें से तीन मजदूर लगभग 80 प्रतिशत तक झुलस गए थे। मृतक विशाल की करीब पांच साल पहले शादी हुई थी और उसकी चार साल की बेटी है। पुलिस को दिए गए बयान में सातरोड खास निवासी राजकुमार ने बताया कि उसका इकलौता बेटा विशाल करीब चार-पांच महीने से वह जिंदल रोलर फैक्टरी में लेबर का काम करता था। उसके साथ प्रवासी मजदूर सूर्य बाली, शिव शंकर, ताराबहादुर और हरिराम काम करते हैं। गत 11 अप्रैल को दोपहर बाद चार बजे फैक्टरी में लोहा गलाने की भट्ठी अचानक फट गई। इस हादसे में पांचों मजदूर आग लगने के कारण झुलस गए। पांचों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। विशाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार उपचार के दौरान विशाल ने बताया कि फैक्ट्री मालिक योगराज हम सभी मजदूरों से लापरवाही से काम करवाता है। कार्य क्षेत्र के अंदर किसी भी मजदूर को आग से बचने के या फैक्टरी में काम करते वक्त चोट से बचाव के लिए कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए। राजकुमार ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी जाए और लापरवाही बरतने वालों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सीटू जिला सचिव मनोज कुमार ने कहा यह घटना फिर औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।



## बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने का आरोपी दबोचा

- लूटा गया सोना बरामद


**बरवाला।** पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बरवाला के वार्ड 16 निवासी गोला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की तबीजी बरामद कर ली है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक जयदीप ने बताया कि इस संबंध में बरवाला के वार्ड 15 निवासी भगवानी देवी ने शिकायत दी थी।

शिकायत में उसने बताया कि गत 16 अप्रैल को दोपहर करीब 02:30 बजे जब वह घर पर अकेली थीं, तब वार्ड 16 निवासी गोला पानी पीने के बहाने उनके घर आया। आरोपी ने रसोई से चाकू उठाकर बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला किया, उसके हाथ-पैर बांधे और मारपीट की। आरोपी महिला के गले से सोने की तबीजी और जेब से 15 हजार रुपये लूटकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए आरोपी गोला को गिरफ्तार कर लिया है।

### जम्मू कश्मीर में करेंगे देश की सेवा

## लेफ्टिनेंट अभिमन्यु बैनीवाल सेना की मेडिकल कोर में बने कैप्टन

- आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे से एमबीबीएस करके प्राप्त की है पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

डोभी गांव निवासी एवं आर्मी मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट अभिमन्यु बैनीवाल पदोन्नत होकर कैप्टन बन गए हैं। अब वे जम्मू कश्मीर में सेना की मेडिकल कोर में देश सेवा करेंगे। वहीं उनके कैप्टन बनने से परिवारजनों और रिश्तेदारों व गांव में खुशी का माहौल है। उनके पिता पूर्व वायुसैनिक एवं कन्या गुरुकुल डोभी के कुलपति आचार्य बलजीत सिंह आर्य तथा उनकी माता राजबाला शास्त्री व चाचा परमजीत सिंह ने बताया कि अभिमन्यु ने आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे से एमबीबीएस करके उपरोक्त पदोन्नति प्राप्त की है। अब वे कैप्टन बन गए हैं और जम्मू कश्मीर में अपनी सेवाएं देंगे।

उल्लेखनीय है कि डोभी गांव के होनहार युवक अभिमन्यु बैनीवाल ने एएफएमसी पुणे से एमबीबीएस किया और आर्मी मेडिकल कोर में भर्ती होकर अपने माता पिता का सपना साकार किया। बाद में उन्हें आर्मी मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्ति मिल गई। परिवारजनों के अनुसार अभिमन्यु शुरू से ही होनहार रहे हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में अध्ययनरत रहते हुए सातवीं कक्षा में अभिमन्यु ने पहली बार जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिप में प्रतिभागिता की और तीन बार जिम्नास्टिक खेल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए स्वर्ण एवम् कांस्य पदक जीत कर देश, प्रदेश व गांव का नाम भी रोशन किया। अब अभिमन्यु के कैप्टन बनने से परिचितों में और गांव में खुशी का माहौल बना है।

### हिसार-खानक रोड की विशेष मरम्मत करवाने के निर्देश

**हिसार।** लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार खानक रोड की विशेष मरम्मत करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। यह सडक मार्ग अधिक जलभराव के कारण से हिसार की सीमा में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था। सडक की विशेष मरम्मत के लिए एक करोड़ 15 लाख 22 हजार रूपये की राशि का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिसे जल्द ही सरकार से अनुमति मिल जाएगी। इसके उपरांत हिसार सीमा मे खानक रोड की विशेष मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार से पातन से मुकलान-रावलवास सडक मार्ग की विशेष मरम्मत के निर्देश भी लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा दिए गए हैं। यह सडक मार्ग भी अत्यधिक जलभराव के कारण कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था। कैबिनेट मंत्री के निर्देशों पर 69 लाख 87 हजार रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे भी सरकार की स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि क्षेत्र में अत्यधिक बरसात के उपरांत हुए जलभराव के कारण से कई सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिन्हें नियमों में ढील देकर चरणबद्ध्घ ढंग से ठीक करवाया जा रहा है।



**हिसार।** अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम।


## बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अभियान की शुरुआत रेलवे रोड से की गई, इसके बाद टीम ने पोस्ट ऑफिस के सामने से अतिक्रमण हटवाया। टीम ने बस स्टैंड से सिरसा रोड चुंगी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा ऑटो मार्केट फेस-3, कम्युनिटी सेंटर और नगर सुधार मंडल कार्यालय के आसपास से खोखे हटवाए गए। पुरानी सब्जी मंडी चौक से मुलतानी चौक तक भी सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों से सामान अपनी निर्धारित सीमा में रखने की अपील की।

### घातक हथियार से हमले का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस चौकी किला बाजार ने लड़ाई-झगड़े के मामले में घातक हथियारों से हमला करने वाले तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चार कुतुब गेट निवासी आर्यन के रूप में हुई है। एएसआई मुनीष कुमार ने बताया कि घायल शिवचरण निवासी हांसी ने अपने बयान में बताया कि वह खाना खाने के लिए हांसी स्थित एक होटल पर गया था। इसी दौरान उसकी टक्की के साथ कहासुनी हो गई। जिसके कुछ समय बाद टक्की अपने दोस्तों के साथ मौके पर आया और उसने तेजधार हथियारों से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के बयान के आधार पर 16 मार्च को थाना शहर हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर साक्ष्यों के आधार जांच के दौरान तीसरे आरोपी आर्यन को गिरफ्तार कर उससे वारदात में प्रयोग किया गया तेजधार हथियार बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
21 अप्रैल 2026



विशेष : विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

किताबें पढ़कर एक अलग ही आनंद मिलता है, सिर्फ आनंद ही नहीं मिलता एक अलग तरह की दृष्टि भी मिलती है। हम बहुत कुछ गहराई से देखने-समझने लगते हैं। किताबें अंतर्ज्ञान बढ़ाकर हमें जागरूक बनाती हैं। सशक्त बनने के लिए हर स्त्री का किताबें पढ़ना जरूरी है।

# किताबें केवल आनंद ही नहीं एक अलग नजरिया भी देती हैं

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



किताबें केवल पढ़ने का ही सुख नहीं देतीं, देखने की दृष्टि भी बदल देती हैं। बदली हुई दृष्टि ही बदलते समय को गहराई से देख सकती है। एक ही काम, एक ही दिनचर्या, एक ही जीवन, किताबों के बिना भी चलता है, लेकिन किताबों के साथ वही जीवन समझ में आने लगता है, उसके भीतर छिपे अर्थ धीरे-धीरे समझ में आने लगते हैं। कहने का आशय यह है कि साहित्य मनुष्य को उसके भीतर के सत्य से परिचित कराता है।

## पढ़ने से मिलती है नई दृष्टि



एक स्त्री, जो दिन भर घर के कामों में लगी रहती है जैसे रसोई, सफाई, बच्चों की देखभाल। वह इन सबको अपने कर्तव्य की तरह निभाती है। उसका दिन एक निश्चित ढर्रे में बीतता है, जिसमें उसके लिए ठहरने की जगह बहुत कम होती है। लेकिन उसे पढ़ने का अवसर मिले, तो संभव है कि वह इन्हीं कामों को एक अलग नजर से देखे। वह यह समझे कि उसका श्रम अदृश्य क्यों है, उसका समय उसका अपना क्यों नहीं है, और उसका मौन कब, कैसे उसकी आदत बन गया?

## आप बनती हैं जागरूक

स्त्री को किताबें पढ़ने का समय जरूर निकालना चाहिए, क्योंकि किताबें उसे उसके काम से अलग नहीं करतीं, बल्कि उसी काम के भीतर एक नई जागरूकता भर देती हैं। किताबें स्त्री को यह नहीं सिखातीं कि क्या करना है, बल्कि यह समझने का साहस और बुद्धि देती हैं कि जो वह कर रही है, उसका क्या अर्थ है, क्या महत्व है? पढ़ना किसी निर्देश का पालन करना नहीं, अपने ही जीवन को नए प्रश्नों के साथ देखना है। यही वह बिंदु है, जहां पढ़ना, जीवन को केवल जीने से आगे बढ़ाकर उसे समझने की प्रक्रिया में बदल देता है।

## समझ में आते हैं जीवन के नए अर्थ

स्त्री न तो घर की शोभा मात्र है, न वह भोग की वस्तु है। वह स्वयं एक संपूर्ण व्यक्तित्व है। यह समझ केवल बाहर से दी नहीं जाती, भीतर से जगती है और किताबें इस चेतना को संभव बनाती हैं। जब कोई स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल दूसरों की कहानी नहीं पढ़ती, वह धीरे-धीरे अपने ही जीवन को पढ़ना शुरू करती है। उसे एहसास होने लगता है, उसकी थकान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक साझा संरचना का हिस्सा है। उसका संघर्ष अकेला नहीं, अनेक स्त्रियों का साझा संघर्ष है। यहीं से स्त्री के भीतर एक सूक्ष्म परिवर्तन जन्म लेता है, जहां वह केवल पढ़ती नहीं, अपने ही जीवन को नए अर्थों में समझने लगती है। नारी के जीवन की करुणा केवल उसकी दुर्बलता नहीं, उसकी संवेदना की शक्ति भी है। जब यह समझ भीतर बैठती है, तो वह अपनी भावनाओं को बोझ नहीं, एक ऊर्जा के रूप में देखने लगती है।

### जरूरी है पढ़े हुए को जीवन में उतारना

**केवल किताबों** तक पहुंचना पर्याप्त नहीं, दृष्टि तब सही मायने में बनती है, जब पढ़ा हुआ जीवन में उतरता है। कई बार शिक्षित स्त्रियों का जीवन भी पुराने ढर्रे पर चलता रहता है। इसका कारण केवल परिस्थितियां नहीं, वे मान्यताएं हैं जो भीतर गहरे बैठ जाती हैं। पढ़ा हुआ और जिया हुआ अलग-अलग रह जाते हैं। ऐसे में किताबें एक हलचल पैदा करती हैं। यही हलचल धीरे-धीरे भीतर एक धीमी, लेकिन स्थाई स्वतंत्रता को जन्म देती है। यह प्रक्रिया तेज नहीं होती। यह धीरे-धीरे, लगभग अनदेखे ढंग से घटित होती है। पहले केवल प्रश्न उठते हैं, फिर उन प्रश्नों के साथ जीने की आदत बनती है, और फिर एक दिन वही प्रश्न दृष्टि में बदल जाते हैं।

## पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं

यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या स्त्री को पढ़ने की परिस्थितियां मिलती हैं? पढ़ना केवल अक्षरों को देखना नहीं, यह समय, एकांत और मानसिक अवकाश मांगता है। अनेक स्त्रियों का समय टुकड़ों में बंटा होता है। वे लगातार काम में लगी रहती हैं, उन्हें अपने लिए समय निकालना भी एक तरह का अपराधबोध बन जाता है। ऐसे में किताबें पास होकर भी दूर रह जाती हैं। इसलिए साक्षरता से आगे बढ़कर हमें उन सामाजिक संरचनाओं को देखना होगा, जो स्त्री को अपने लिए समय लेने से रोकती हैं। जब वह बिना अपराधबोध के अपने समय में ठहर पाती है, तभी पढ़ना संभव हो पाता है। पढ़ना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को महत्व देने का एक शांत निर्णय भी है।

## किताबें भीतर एक रोशनी जलाती हैं

किताबें स्त्री के जीवन में कोई बाहरी बदलाव थोपती नहीं, वे भीतर एक धीमी रोशनी जलाती हैं। यह रोशनी उसे अपने ही अनुभवों को देखने, समझने और स्वीकारने की क्षमता देती है। हर स्त्री किताब तक पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। पर उससे भी अधिक जरूरी है कि वह अपने जीवन को पढ़े। ज्ञान का



उद्देश्य केवल जानना नहीं, जागना है। जब यह जागरण होता है, तो जीवन वैसा ही रहते हुए भी बदल जाता है। किताब और स्त्री का संबंध बनने में परिवार का सहयोग बहुत जरूरी है। जब स्त्री पढ़ती है, तो वह केवल ग्रहण नहीं करती, वह भीतर ही भीतर रचने लगती है। कभी शब्दों में, कभी व्यवहार में, कभी अपने निर्णयों में। उसका जीवन धीरे-धीरे एक ऐसी कथा में बदलने लगता है, जिसे भले ही वह लिखे या न लिखे, पर वह एक अर्थपूर्ण संरचना ग्रहण कर लेती है। ❁

---

स्पेशल : अप्रैल-स्ट्रेस अवेयरनेस मंथ

# अपने लिए भी बदलाव की धुरी बनें स्त्रियां

वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच महिलाओं के पास अपने लिए कोई समय ही नहीं बचता है। इससे वे अस्वस्थ हो जाती हैं। महिलाओं का परिवार के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। वे अपने जीवन में एक संतुलन बैठाएं और स्वस्थ-सुखी जीवन जिएं।

जरूरी बात
डॉ. मोनिका शर्मा



घर और बाहर दोनों मोर्चों पर जूझने वाली स्त्रियां आसानी से तनाव के घेरे में आ ही जाती हैं। वर्कप्लेस और घर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की फिक्र और आपा-धापी महिलाओं को तनाव के स्याह घेरे में लिए रहती है। ऐसे में जीवन से जुड़ी भाग-दौड़ से तो दूरी नहीं बनाई जा सकती, लेकिन तनाव को समझना और इससे बचने के प्रयास बहुत जरूरी हैं।

**आवश्यक है अवेयरनेस:** हाल के वर्षों में तनाव के शिकार लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं। हेल्थ और सेफ्टी एक्जीक्यूटिव के आंकड़ों के अनुसार 35-54 आयु वर्ग के बड़ों की देखभाल करने वाली, गृहिणी और कामकाजी भूमिका निभा रही महिलाएं पुरुषों की तुलना में काफी अधिक तनाव का अनुभव करती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तनाव का अनुभव करने वाली महिलाओं की संख्या समान आयु के पुरुषों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। बावजूद इसके स्ट्रेस को लेकर जागरूकता का अभाव है। तनाव को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या समझा ही नहीं जाता। इसके कारणों पर गौर नहीं किया जाता। तनाव के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सन् 1992 से हर वर्ष अप्रैल को तनाव जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। महीने भर स्ट्रेस से पैदा हो रही समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही मित्रों, परिवारों, सहकर्मियों और पेशेवर लोगों के साथ अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में खुलकर बात करने का परिवेश बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं।



**अपनी देखभाल को दें प्राथमिकता:** हमारा सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही ऐसा है कि महिलाएं खुद की देखभाल को कभी प्राथमिकता नहीं दे पातीं। इसके कारण घर-दफ्तर की भागम-भाग में लगी महिलाएं कई शारीरिक समस्याओं की गिरफ्त में आ जाती हैं। कमर दर्द, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, थायरॉइड जैसी व्याधियां आम हो चली हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है कि देश की आधी आबादी अपने खान-पान का ध्यान नहीं रखती है। 32 से 58 वर्ष की महिलाओं के बीच हुए इस सर्वे के अनुसार 83 प्रतिशत महिलाएं किसी तरह का व्यायाम नहीं करतीं और 57 फीसदी महिलाएं खाने में फल-सब्जी का कम उपयोग करती हैं। आराम करने, किसी बात के लिए न कहने और सहजता से जीने के मामले में भी महिलाएं जरा पीछे ही हैं। वहीं एक्सरसाइज से दूरी खान-पान में लापरवाही, शरीर और मन दोनों की सेहत बिगाड़ती है। ऐसी सभी बातें तनाव की भी जड़ हैं। ऐसे में अपनी देखभाल करते हुए स्ट्रेस से जूझने के मोर्चे पर महिलाएं स्वयं अपना हाथ थामें।

**स्वयं को संभालें:** घर-परिवार और वर्कप्लेस दोनों ही जगहों पर परफेक्शन की उम्मीद, महिलाओं के लिए कितनी ही तनाव की वजह बनती हैं। बढ़ती उम्र और जिम्मेदारियों के साथ ऐसी उलझनें भावनात्मक बिखराव भी लाती हैं। इन तनाव भरी परिस्थितियों को जीते हुए बहुत-सी स्त्रियां अवसाद के स्याह अंधेरे में खो जाती हैं, जिससे नींद न आना, बात-बात पर गुस्सा आना, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी जैसी परेशानियां भी पैदा होती हैं। 2026 के ग्लोबल स्लीप सर्वे में सामने आया है कि फैमिली ड्यूटीज के कारण 39 प्रतिशत महिलाओं की नींद खराब होती है। कई महिलाएं 4 घंटे की गहरी नींद के लिए भी संघर्ष करती हैं। ग्लोबल स्लीप सर्वे के मुताबिक भारत में महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक अनिद्रा से जूझ रही हैं। ऐसे में स्ट्रेस देने वाली नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों से बचने के लिए जिंदादिली के साथ हर हालात को जीने का जज्बा लाएं। तनाव के घेरे में आने पर अकेले जूझने के बजाय अपनों से बात करना और पेशेवर सलाह लेना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे कि यह तभी संभव है, जब स्त्रियां स्वयं अपने मन को संभालने को लेकर सजग होंगी। ❁

---

विकास के नाम पर आज जिस तरह प्राकृतिक दोहन हो रहा है, यह एक बड़ी चिंता का विषय है। समय रहते हम न चेते तो पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए बहुत जरूरी है, हम अपनी प्राकृतिक संपदा बचाएं, धरा हरी-भरी रहे। महिलाएं इस काम में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

# सरोकारी सोच से रहेगी धरा हरी-भरी

सजगता
चैतन्या



पृथ्वी और स्त्री दोनों ही जीवन का आधार हैं। सृजन और पोषण का भाव दोनों के ही हिस्से आया है। इतना ही नहीं, धरा के समान ही महिलाएं भी बहुत सहनशील होती हैं। मां धरती अन्न, जल, वायु और सुरक्षा देकर जीवन सहेजती है। ठीक इसी तरह स्त्रियां भी रिश्तों-नातों को सींचती हैं। यही वजह है कि मदर अर्थ की रक्षा में महिलाओं की भागीदारी बहुत अहम हो जाती है। स्त्रियों में बचाने, सहेजने की एक नेचुरल समझ होती है। आज ही नहीं आने वाले कल को लेकर वे सजग रहती हैं। समझना जरूरी है कि धरती के रंग बचाने के लिए भी वर्तमान की सजगता ही आने वाले कल को सहेज सकती है। हमारी पोषक मां, धरती मां ही हमारी शक्ति है। इंसानी जीवन पृथ्वी के आंगन में ही पलता है। इसीलिए ऊर्जा के नए स्रोत तलाशने से लेकर जीवनशैली से जुड़े बदलावों तक, हर फ्रंट पर सही कवायद किए बिना भूमि के रंग सहेजना मुश्किल है।

**इस साल की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट':** पृथ्वी दिवस 2026 की थीम 'अवर पॉवर-अवर प्लेनेट' है। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस करता है। दो साल के लिए चुने गए इस विषय के तहत पिछले साल भी यह संदेश दिया गया था कि इस ग्रह पर बसने वाले ही इसको बचाने की शक्ति रखते हैं। साझी कोशिशें और सजगता ही पृथ्वी को एक स्वस्थ ग्रह बना सकते हैं। इन साझे प्रयासों को बल देने में स्त्रियों का रोल महत्वपूर्ण है। घर से लेकर परिवेश तक, महिलाएं अवेयरनेस लाने और बेरंग-शुष्क कुदरत को सार-संभाल के भावों की नमी लौटाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को साथ ला सकती हैं। ऐसे में परिवार से हुई शुरुआत परिवेश तक बड़ा बदलाव ला सकती है।

**अनदेखी का दंश:** आखिर मां धरती की बिगड़ती सेहत को लेकर हम कब चेतेंगे? इंसानों को सशक्त बनाने वाले इस प्लेनेट की दूषित होती आबोहवा की सुध कब लेंगे? उजड़ती धरती और प्रदूषित होते हवा-पानी की चेतावनी के बावजूद हम भविष्य की चिंताओं से मुंह फेरे बैठे हैं। धरती मां अपने स्वार्थी बच्चों की हर ज्यादती सह रही है। जबकि धरती के रंग छीनने का मतलब इंसान द्वारा अपनी ही जिंदगी को बेरंग करने जैसा है। याद रहे कि जिस धरा के आंचल में हमें सब कुछ मिलता है, उसकी बेहतरी से ही मानवीय जीवन की बेहतरी भी जुड़ी है। पेड़-पौधों के बिना कुदरत का सूना आंगन और तेज रफ्तार तरक्की के नाम पर अशुद्ध होते जल-थल, वायु के साथ ही दूसरे जीव-जंतुओं की मौजूदगी के बिना इंसानों का जीवन भी कितना अधूरा-सा होगा। कहावत भी है कि 'धरा नहीं होगी तो सब धरा रह जाएगा।' प्रकृति पूजन की रीत वाले भारतीय समाज में धरती के दोहन की मानसिकता सचमुच दुःखद है। हमारे यहां तो पौराणिक और सांस्कृतिक रूप से भी पृथ्वी को देवी माना गया है। कितने ही पर्वों पर पृथ्वी और प्रकृति को ही पूजा जाता है। ऐसे में धरती की बिगड़ती आबोहवा की अनदेखी का दंश खुद इंसानों के लिए भी घातक ही है।

**जरूरतों पर भारी इच्छाएं:** तकलीफदेह है कि धरती मां के बच्चे अपनी आवश्यकताएं पूरी करने की बजाय धरा की झोली ही खाली करने लगे हैं। अपनी चाहतों के फेर में पृथ्वी की गोद सूनी करने का दुस्साहस करने लगे हैं। संसाधनों का सीमित इस्तेमाल करने के बजाय सुविधाजनक जीवनशैली से जुड़ी अंतहीन फेहरिस्त को पूरा करने के लिए कुदरत के हर हिस्से को चोट पहुंचाने लगे हैं। प्रकृति से सिर्फ अधिक से अधिक लेने-जुटाने की सोच रखने वाला इंसान लौटाने का भाव ही भुला चुका है। ऐसे में आवश्यकताओं और इच्छाओं का फर्क समझना जरूरी है। ❁

---



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# क्लीनिंग करें ऐसे फेस दिखेगा ग्लोइंग

आमतौर पर फेस वॉशिंग को स्किन केयर का सबसे ईजी स्टेप माना जाता है। साफ-सुथरी और ग्लोइंग स्किन पाने की चाहत में अधिकतर महिलाएं दिन में कई बार चेहरा धोती हैं। सही तरीके से चेहरा धोने से त्वचा ताजा, साफ और स्वस्थ दिखती है। लेकिन लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं चेहरा धोने में गलतियां करती हैं। यही वजह है कि कई बार चेहरा धोने के बावजूद उनकी त्वचा ग्लोलेस, डल और बेजान-सी दिखती हैं, जिसकी वजह से वे टेंशन में रहती हैं।

**फेस वॉशिंग करें ऐसे:** चेहरा धोते समय की गई कुछ गलतियों की वजह से हमारी त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंचता है और ज्यादातर महिलाएं ये गलतियां अनजाने में कर बैठती हैं।

**पहले हाथ करें साफ:** चेहरा धोने से पहले अपने हाथों को साबुन से जरूर साफ कर लें। गंदे हाथों से चेहरा धोने से गंदगी चेहरे पर फैल सकती है, जिससे चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और कील, मुंहासे निकल आते हैं। इससे त्वचा संबंधी अनेक समस्याएं हो सकती हैं।



**चुनें सही फेस वॉश:** चेहरे को धोने के लिए ज्यादा फेस वॉश का उपयोग नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा फेस वॉश लगाने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो जाता है और त्वचा रूखी-रूखी लगने लगती है। चेहरा धोने के लिए मटर के दाने के बराबर फेस वॉश काफी होता है। इसे अपनी हथेली पर डाल कर आपस में रगड़कर झाग बनाएं और साफ अंगुलियों की मदद से गीले चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे आहिस्ता से गोलाकार गति में लगाएं क्योंकि इसके जोर से रगड़ने से त्वचा में घाव हो सकते हैं। इसके बाद इसे गुनगुने पानी से धो डालें। फेस वॉश का चयन करते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें, क्योंकि गलत फेस वॉश इस्तेमाल करने से नुकसान हो सकता है। ड्राय स्किन के लिए क्रीम आधारित फेस वॉश और सेंसिटिव स्किन के लिए माइल्ड क्लींजर उपयोग करना चाहिए।

**गुनगुना पानी है बेस्ट:** गरम पानी से चेहरा धोने से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है। इससे बचने के लिए त्वचा ज्यादा तेल स्रावित करने लगती है जोकि कील-मुंहासों का कारण बनता है। अगर आप ठंडे पानी से चेहरा धोती हैं तो स्किन पोर्स सिकुड़ जाते हैं, जिससे चेहरा सही तरह से साफ नहीं हो पाता है। अगर आप कील मुंहासों से परेशान हैं तो ठंडे पानी से मुंह धोने से परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि ठंडा पानी त्वचा की सूजन जरूर कम करता है। लेकिन मुंहासों से होने वाली सूजन को कम नहीं कर सकता। इसलिए चेहरा धोने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें और चेहरा रगड़ने की बजाय थपथपाकर सुखाएं। गुनगुना पानी रोमछिद्रों को खोलकर चेहरे से तेल और गंदगी को पूरी तरह हटा देता है और चेहरे का प्राकृतिक तेल और नमी भी बनाए रखता है।

**बार-बार न करें फेस क्लीन:** चेहरे को सुबह और शाम दो बार धोना बेहतर होता है। सुबह चेहरा धोने से रात की गंदगी और ऑयल क्लीन हो जाता है जबकि शाम को चेहरा धोने से दिन भर की धूल, मिट्टी और प्रदूषण हट जाता है। इससे अधिक यानी दिन में बार-बार चेहरा धोना त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आपकी त्वचा रूखी और खिंची-खिंची सी लगती है क्योंकि बार-बार चेहरा धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल और नमी गायब हो जाती हैं जिससे चेहरे की सुरक्षा परत कमजोर हो जाती है। ❁

---

हेल्दी रहने के लिए आपको यह समझना भी जरूरी है कि शरीर को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा किन पोषक तत्वों की भी विशेष तौर पर जरूरत होती है? इस बारे में दे रहे हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# न्यूट्रिएंट्स से भरपूर हो आपकी डाइट

डाइट सजेशन
राजकुमार 'दिनकर'

हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रहने के लिए हमारे खाने की आदतें सही होना जरूरी है। बैलेंस्ड डाइट के लिए आप अपने भोजन को मुख्य रूप से तीन वर्ग में विभाजित कर सकते हैं। ऊर्जा देने वाला भोजन, शरीर को मजबूत बनाने वाला भोजन और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला भोजन। यहां हम आपको इसी आधार पर प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फैट के अलावा डाइट में शामिल किए जाने वाले जरूरी न्यूट्रिएंट्स के बारे में बता रहे हैं।

**फाइबर:** घुलनशील फाइबर वाले खाद्य जैसे-ओट्स, मटर, बींस, सेब, रसेदार फल, गाजर और जौ शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनने से रोकते हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से



बचाते हैं। अघुलनशील फाइबर जैसे गेहूं, चोकर, नट्स, बींस, टमाटर, फूलगोभी आदि में मौजूद फाइबर, पाचन को दुरुस्त रखता है।

**मिनरल्स:** शरीर में पर्याप्त कैल्शियम की मौजूदगी का मतलब है मजबूत दांत और हड्डियां। इससे शरीर में मांसपेशियों की अच्छी वृद्धि होती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। कैल्शियम के लिए आपको दूध और दुग्ध उत्पादों के अलावा पालक, सफेद बींस, ब्रोकली और लाल बींस खाने चाहिए।



आयोडीन मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और थाइरॉयड से होने वाले बुरे प्रभावों से हमारे शरीर की रक्षा करता है। इसे आप नमक, मछली, बटर और गहरे रंग की हरी सब्जियों से हासिल कर सकते हैं।

जिंक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के बीच बैलेंस बनाता है। इसके लिए काजू, बादाम, मटर, अंडे, अदरक को अपने भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए।

**एंजाइम्स रिच फूड:** कच्चे फलों में मौजूद एंजाइम्स पाचन क्रिया दुरुस्त करते हैं। खरबूजा, कोकोनट वाटर, फ्रूट सलाद, बटर मिल्क, कच्चे बादाम, सूजी जैसे खाद्य पदार्थ शरीर में एंजाइम्स के लिए हेल्पफुल होते हैं।

**एल्केलाइन फूड:** एल्केलाइन फूड्स इम्यूनिटी बढ़ाते हैं। इसके लिए ब्रोकली, बंदगोभी, फूलगोभी, स्प्राउट्स, सेलरी, शलगम और पालक खाएं। नीबू सबसे अच्छा एल्केलाइन फूड माना जाता है, जो एसिडिटी, कफ, कोल्ड, फ्लू और हर्ट बर्न से बचाता है।

**पानी:** अपने शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स में संतुलन के लिए प्रतिदिन 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। यह शरीर के जोड़ों के लिए लुबरीकेंट बढ़ाने में मदद करता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और आंखों की नमी बरकरार रखता है। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालता है। इसलिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ और शुद्ध पानी पीना चाहिए। ❁

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलने का प्रण लिया

**हिसार।** भगवान परशुराम जनसेवा समिति द्वारा अक्षय तृतीया पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्म संस्कृत पाठशाला, न्यू ऋषि नगर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा की अध्यक्षता में हवन यज्ञ, पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम के चरणों में नमन करते हुए हवन में आहुति डाली और भगवान परशुराम द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डॉ. बलजीत शास्त्री ज्योतिषाचार्य, धर्मेंद्र शास्त्री, जिला पार्षद अनिल शर्मा बुरे, रविकांत शर्मा, समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा, पिंकी शर्मा, सुशील शर्मा, रविकांत शर्मा, वेद प्रकाश, अशोक शर्मा, विकास गौड़ आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय शिविर में सीखीं योग की बारीकियां

**हिसार।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया के कुशल मार्गदर्शन में किया गया, जबकि जिला योग विशेषज्ञा पूजा ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के दौरान योग सहायकों को योग की सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों एवं प्राणायाम की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान योग सहायकों ने पूरी एकाग्रता और समर्पण के साथ आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के प्रत्येक अभ्यास को गहराई से दोहराया।

### साहित्य चेतना मंच ने की काव्य गोष्ठी

**हिसार।** साहित्य चेतना मंच की मासिक काव्य गोष्ठी टाउन पार्क भीम सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच का संचालन जय भगवान लाडवाल ने किया। मुख्य अतिथि मास्टर कृष्ण इन्दौरा थे। इस अवसर पर जय भगवान लाडवाल, भीम सिंह हुड्डा, कृष्ण इंदौर, लाल बहादुर शास्त्री, पीके शर्मा, ऋषि सक्सेना, नरेश, सुनील कुमार ने काव्य पाठ सुनाया।

### कर्मचारियों का धरना पांचवें दिन भी जारी

**आदमपुर।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ का धरना उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष पांचवें दिन भी धरना जारी रहा। इसकी अध्यक्षता ब्रांच चेयरमैन मांगेराम लटियाल ने की। धरने का समर्थन अग्रोहा ब्रांच से प्रधान रमेश शर्मा और सचिव मनोज भांबू, पूर्व जिला सचिव कमल किशोर व सतपाल जाखड़ व अन्य कर्मचारी पदाधिकारी ने किया। इस अवसर पर आत्माराम यादव, रमेश सरोहा, सुंदर सिंह, शमशेर, मेहरचंद, सुल्तान आदि थे।

### चौ. देवीलाल हर्बल गार्डन में किया शैक्षणिक भ्रमण

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने चौधरी देवीलाल हर्बल गार्डन का दौरा कर औषधीय पौधों एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह भ्रमण प्राध्यापक मनोज कुमार एवं सोमबीर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों जैसे तुलसी, अश्वगंधा, एलोवेरा, गिलोय आदि के गुणों, औषधीय उपयोग तथा उनके संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्य डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं।

### आंगनवाड़ी में महिलाओं को किया जागरूक

**नारनौंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग हांसी दो द्वारा पोषण अभियान का कार्यक्रम गांव उगालन में किया गया। सुपरवाइजर कोमल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव स्तर की जागरूक माताओं व बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर द्वारा सभी महिलाओं और बच्चों को पोषण अभियान के प्रति जागरूक किया गया। सुपरवाइजर कोमल ने बताया कि आज के समय में समाज से कुपोषण को दूर करना बहुत जरूरी है। सभी को पोषण के बारे में शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर द्वारा पोषण और सरकारी आंगनबाड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## मंडी के आढ़ती जता चुके नाराजगी, उठान में तेजी लाने की मांग

# गेहूं से अटी मंडी, 20 फीसदी अनाज का भी नहीं हुआ उठान

**11.80 लाख क्विंटल गेहूं की आवक, 6.50 लाख क्विंटल की खरीद, उठान सिर्फ 2.30 लाख क्विंटल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



अनाज मंडी में उठान का कार्य धीमा होने के कारण अनाज मंडी गेहूं से लबालब भरी हुई है। अब तक मंडी 11 लाख 80 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है जबकि 6 लाख 50 हजार क्विंटल की खरीद हुई है। सिर्फ दो लाख 30 हजार क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है। मंडी में जगह नहीं होने के कारण काफी किसानों की फसल उनके खेतों में ही पड़ी हुई है। गेहूं की फसल का सीजन खत्म होने को है लेकिन अनाज मंडी में चारों तरफ गेहूं ही गेहूं दिखाई दे रही हैं। अनाज मंडी से उठान का कार्य काफी धीमा हो रहा हैं। इसकी लेकर मंडी की आढ़ती नाराजगी भी जता चुके हैं। उनकी मांग की है कि उठान के कार्य में तेजी लाई जा सके ताकि जिन किसानों की फसल अभी तक मंडी तक नहीं पहुंची वह भी अपनी फसल को मंडी में पहुंचा कर फसल को बेच सके। नारनौंद की अनाज मंडी में अब तक चार लाख 62 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई हैं। इसमें से एक लाख 86 हजार क्विंटल की खरीद हुई हैं और एक लाख छह हजार क्विंटल ही फसल का उठान हुआ है। खेड़ी लोहचब की मंडी में तीन लाख 40 हजार क्विंटल की आवक हुई हैं। दो लाख 21 हजार क्विंटल की खरीद हुई हैं और एक लाख 15 हजार क्विंटल का उठान हुआ है। लोहारी राघो की मंडी में अब तक एक लाख 65 हजार क्विंटल की आवक ही आई है। 70 हजार क्विंटल की खरीद ओर 38 हजार क्विंटल गेहूं का उठान हो गया है। कोथ कलां में 70 हजार क्विंटल गेहूं आई है। जिसमें से 60 हजार की खरीद हो गई है और 18 हजार क्विंटल गेहूं का उठान हो पाया है। थुराना मंडी में 78 हजार क्विंटल की आवक हुई है। 33 हजार क्विंटल की खरीद हो चुकी हैं। 16 हजार क्विंटल का उठान हो गया है। डाटा मंडी में 64 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई हैं। 26 हजार क्विंटल की खरीद हुई हैं ओर 9300 क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है। उधर, आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान सुनील लोहान ने बताया कि उठान का काम धीरे चल रहा हैं। इसमें तेजी लाकर जल्द से जल्द फसल का उठान किया जाए ताकि अन्य किसान मंडी में फसल का सके।

### गाड़ी कम मिलने से उठान का काम धीमा : सचिव

मार्केट कमेटी सचिव रवि श्योराण ने बताया मंडी में खरीद आठ अप्रैल से शुरू हुई थी। इसके कारण कुछ खरीद में कमी रही हैं। उठान के कार्य में गाड़ी कम मिल रही जिसके कारण ये काम धीमा चल रहा हैं। उच्च अधिकारियों से बातचीत करके इस काम में तेजी लाई जाएगी ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। मंडी में किसानों के सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## सफाई-सीवरेज व्यवस्था व ग्रीन बेल्ट को दुरुस्त करने के निर्देश

- मॉडल टाउन की समस्याओं के समाधान के लिए डीसी ने अधिकारियों व आरडब्ल्यूए संग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीसी राहुल नरवाल ने मॉडल टाउन की सफाई, सीवरेज और ग्रीन बेल्ट आदि दुरूस्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मॉडल टाउन क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे पूर्व आरडब्ल्यूए मॉडल टाउन द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया, जिस पर उपायुक्त ने तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों को जल्द कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

आरडब्ल्यूए द्वारा उठाई गई प्रमुख समस्याओं में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना, ग्रीन बेल्ट का पुनर्निर्माण तथा पार्कों में जिम और झूलों की व्यवस्था, आवारा पशुओं से निजात दिलाना, सीवरेज व्यवस्था की नियमित सफाई मशीनों के माध्यम से करवाना तथा बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए डिस्पोजल पर जनरेटर की व्यवस्था करना शामिल है। उपायुक्त ने नगर परिषद, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर नगर परिषद, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा आरडब्ल्यूए मॉडल टाउन हांसी के जेपी यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने लाखों के 15 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे



हिसार। मोबाइल फोन लेने आए नागरिकों के साथ पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस की साइबर सेल ने तकनीक और सतर्कता का बेहतरीन समन्वय पेश करते हुए 15 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल्स की अनुमानित कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने इन फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया।

साइबर सेल प्रभारी वीएसआई अमित और उनकी टीम ने गुमशुदा मोबाइल की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आईएमईआर ट्रैकिंग, लोकेशन विश्लेषण और डिजिटल सर्विलांस का सहारा लिया। गहन डेटा विश्लेषण और निरंतर फॉलो-अप के कारण पुलिस इन हैंडसेट्स को रिकवर करने में सफल रही।

### इन नागरिकों को मिले उनके फोन

पुलिस ने 15 मालिकों को उनके मोबाइल फोन वापिस किए। इनमें डाटा निवासी रोहित, मॉल कॉलोनी मॉडल टाउन निवासी लतेश, ढाणी सीसवाल निवासी सुंदर, आजाद नगर निवासी सूबेसिंह, उकलाना मंडी निवासी शिल्पा, स्याहड़वा निवासी मनोज, सातरोड खास निवासी रश्मि, सातरोड निवासी विवेक व श्यामसुख निवासी हरीश व अन्य शामिल रहे।

### जनसेवा में ही तकनीक की सार्थकता : सिद्धांत जैन

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। गुम हुए मोबाइल लौटाना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह जनता के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है। हमारी साइबर टीम न केवल अपराध रोकने, बल्कि नागरिकों की व्यक्तिगत राहत के लिए भी पूरी तत्परता से कार्य कर रही है।

## वीआईपी मोबाइल नंबर के नाम पर 4.79 लाख की ठगी

### आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा



**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने वीआईपी नंबर के नाम पर 4.79 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली निवासी दलीप विहार निवासी कशिश गिरधर के रूप में हुई। मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि हांसी निवासी मंगल ने साइबर थाना में शिकायत दी कि 16 फरवरी 2025 को उसके मोबाइल पर फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मोबाइल सिम बेचने वाला बताते हुए एक मोबाइल कंपनी का वीआईपी मोबाइल नंबर बेचने की बात कही। आरोपी ने वीआईपी नंबर देने के बदले रुपये की मांग की, जिस पर शिकायतकर्ता सहमत हो गया। आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से पोर्टिंग कोड व भुगतान के लिए क्यूआर कोड भेजा और भरोसे में लेकर बार-बार बातचीत करते हुए शिकायतकर्ता से कुल चार लाख 79 हजार 670 रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर उसके द्वारा की गई अन्य वारदातों, सहयोगियों एवं ठगी की रकम के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। इस मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## गंभीरता से जांच करके शीघ्र करें लंबित मामलों का निष्पादन: एसपी



हिसार। अपराध समीक्षा गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम में अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रवेक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले में अपराध की वर्तमान स्थिति, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की विवेचना, वारंट निष्पादन, पीओ/बदमाशों की धरपकड़, साइबर अपराध और अन्य संवेदनशील मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मामलों की गंभीरता से जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। इस गोष्ठी में सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल, डीएसपी मुख्यालय कमलजीत, डीएसपी महिला सुरक्षा श्रद्धा सिंह, डीएसपी बरवाला सुमित, डीएसपी अग्रोहा किशोरी लाल, प्रशिक्षणाधीन डीएसपी प्रिया शर्मा, डीएसपी सुनील कुमार, डीएसपी संजीव कुमार, प्रवाचक, डॉक्टर सीन ऑफ क्राइम, इंचार्ज एनडीपीएस सेल, इंचार्ज नशा मुक्ति टीम सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### नियमित निगरानी और रिपोर्टिंग अनिवार्य

एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय को समय पर भेजें और किसी भी स्थिति में तत्काल, प्रभावी व प्रोफेशनल कार्रवाई सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी अनुशासित, सतर्क और जिम्मेदार रवैया अपनाएं।

### कानून व्यवस्था बनाना सबकी जिम्मेदारी

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है और हर अधिकारी व जवान को इसे पूर्ण निष्ठा व समर्पण से निभाना होगा।

## रामानुज स्वामी उत्सव में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा, निकली शोभा यात्रा



**हिसार।** तिरुपति बालाजी धाम में दस दिवसीय रामानुज स्वामी उत्सव पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हर रोज विशेष पूजा-अर्चना के बाद रामानुज स्वामी की सवारी निकाली जाती है। इस सवारी शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। 22 अप्रैल को पूरे विधि-विधान से अर्चक प्रातः रामानुजाचार्य का अभिषेक करके विधिवत ढंग से पूजा-अर्चना करेंगे और सायंकाल सुसज्जित पालकी में रामानुज स्वामी के विग्रह को विराजमान करके शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु उमड़ेंगे। हिसार में अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में रामानुज स्वामी उत्सव के अंतर्गत धूमधाम से सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। रामानुज स्वामी उत्सव में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित विभिन्न मंदिरों के दर्शन करके अपने इष्ट को नमन करके मन्नतें भी मांगी। इस दौरान भक्तों ने गरुण स्तंभ, बलिपीठम्, श्रीनिवास गोशाला, पवित्र पुष्करणी, तिरुपति यज्ञशाला व गोपुरम के दर्शन भी किए।

## सनातन को पुनर्स्थापित करने वाले महान संन्यासी थे आदि शंकराचार्य : रतेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की विशाल परंपरा में ऐसे महापुरुषों का विशेष स्थान है, जिन्होंने समय-समय पर धर्म को उसकी मूल भावना में पुनः स्थापित किया। आदि शंकराचार्य ऐसे ही एक अद्वितीय युगपुरुष थे, जिनका जीवन केवल साधना का उदाहरण नहीं, बल्कि सनातन धर्म के पुनर्जागरण की प्रेरक गाथा है। यह बातें लोकहित मंच अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया ने उनके अवतरण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। रतेरिया ने बताया कि जब उनका अवतरण हुआ, उस समय सनातन धर्म अनेक प्रकार के संकटों से गुजर रहा था।

समाज में कर्मकांडों की अधिकता, दार्शनिक मतभेद, और आध्यात्मिक मूल्यों से दूरी ने धर्म को कमजोर कर दिया था। सत्य की खोज के स्थान पर बाहरी आडंबरों का बोलबाला था। ऐसे समय में शंकराचार्य ने अपने अद्भुत ज्ञान, तर्क और तपस्या के बल पर धर्म को पुनः उसके शुद्ध स्वरूप में स्थापित किया। केरल के कालडी में जन्मे इस बालक ने अल्पायु में ही वेदों, उपनिषदों और शास्त्रों का गहन अध्ययन कर लिया था। उनके भीतर ज्ञान की ऐसी तीव्र पिपासा थी कि उन्होंने बाल्यावस्था में ही संन्यास का मार्ग अपनाया। अपने गुरु गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा लेकर उन्होंने आत्मज्ञान को जीवन का परम लक्ष्य बनाया। शंकराचार्य का सबसे महत्वपूर्ण योगदान अद्वैत वेदांत का पुनर्स्थापन है। उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है और यह संपूर्ण जगत उसी का प्रतिबिंब है। जीव और ब्रह्म में कोई वास्तविक भेद नहीं है; यह भेद केवल अज्ञान के कारण प्रतीत होता है। आदि शंकराचार्य ने केवल दार्शनिक विचारों का प्रचार ही नहीं किया, बल्कि उन्हें समाज में स्थापित भी किया। उन्होंने ज्ञान और भक्ति दोनों का समन्वय करते हुए यह दिखाया कि आध्यात्मिक मार्ग केवल तपस्या का ही नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण का भी मार्ग है।



हिसार। श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में अक्षय तृतीया पर पूजा-पाठ करते श्रद्धालुगण।

## अक्षय तृतीया पर मां संतोषी आश्रम में हुई विशेष पूजा

**हिसार।** मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में सोमवार को अक्षय तृतीया पर विशेष पूजा- पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। पंडित आनंद वल्लभ सती द्वारा बहुत ही विधि विधान से पूजा करवाई गई। विशेष पूजा पाठ व पुष्प श्रृंगार के साथ लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान दिनेश शर्मा, मुकेश ठसका, अनिल महता, सुशील बुडाकिया, सरोज बुडाकिया, राजमल काजल, राघव गुप्ता, राकेश नारंग, संदीप बिंदल व प्रवक्ता रमेश चुघ आदि भी मौजूद रहे।

**कार्रवाई** — जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की कवायद

# 610 वाहनों की जांच कर 216 के काटे चालान

- पीसीआर, राइडर और ईआरवी टीमें ने संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दिन-रात्रि विशेष गश्त अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत पैदल गश्त के साथ-साथ पीसीआर, राइडर और ईआरवी टीमें शहर तथा आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता के साथ निगरानी कर रही हैं, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

इस दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 610 वाहनों की गहन जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 216 वाहन चालकों के चालान किए गए। इनमें ड्रिंक एंड ड्राइव के दो चालान, बिना नंबर प्लेट के पांच, ट्रिपल राइडिंग का एक व लाइन चेंज के 24 चालान शामिल है। इस विशेष अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पीसीआर, राइडर एवं ईआरवी टीमें आपसी समन्वय के साथ शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार सक्रिय हैं। इस सक्रियता से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है।

### हांसी में रात को की स्पेशल चेकिंग



**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की पालना व सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से हांसी पुलिस द्वारा रविवार रात को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों, बाजारों, मुख्य सड़कों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान 593 वाहनों की जांच की गई। और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट वाहन के 10 तथा ओवरस्पीड के 13 चालान सहित अन्य यातायात नियमों के तहत 117 वाहनों के चालान किए गए, इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट, वैध दस्तावेज रखने एवं सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं।

## मेयर प्रवीण पोपली ने स्वयं दर्ज की जनगणना में अपनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। इस चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक घर और उसमें रहने वाले लोगों से संबंधित बुनियादी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसी कड़ी में मेयर प्रवीण पोपली ने स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज की और अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने इस पहल के जरिए नागरिकों को प्रेरित करने का प्रयास किया है कि वे भी जनगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। मेयर ने कहा कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की नींव है, क्योंकि इसी के आधार पर भविष्य की नीतियां और योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब जनगणना में भाग लेना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। नागरिक मोबाइल ऐप और सेल्फ-एनुमरेशन se.census.gov.in पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

**बेदखली सूचना**

मैं, आजाद पुत्र श्री फुलसिंह निवासीः गांव रायपुर, तहसील व जिला हिसार अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधू सीता दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है व हमसे लड़ाई झगड़ा करते हैं तथा काफी समय से हमसे अलग रह रहे हैं। इसलिए मैं आजाद मेरे पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधू सीता को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। : शपथकार

## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन आज

**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर तथा राज्य व केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में 21 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के कार्यालयों पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोहर लाल जाखड़ ने बताया कि हिसार में जिला उपायुक्त कार्यालय पर किये जाने वाले रोष प्रदर्शन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्व में प्राप्त उनके अधिकारों को एक-एक करके समाप्त कर रही है। प्रदर्शन के बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### 'भीख नहीं किताब दो' के 13 वर्ष पूरे होने पर हवन

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था के 13 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में व अक्षय तृतीया के अवसर पर स्वाभिमान अध्ययन केंद्र एवं छात्रावास, तलवंडी राणा में वैदिक हवन यज्ञ किया गया। पतंजलि योग समिति से आए डॉ. मुकेश कुमार ने हवन करवाया। संस्था की संचालिका अनु चिनिया ने बताया कि पिछले 13 वर्षों से समाजसेवियों के मार्गदर्शन, समर्पण और सहयोग से हजारों बच्चों के जीवन को सही दिशा मिली है। इस मौके पर संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता लालबहादुर खोवाल, महासचिव सुरेश पूनिया, समाजसेवी मांगेराम, डॉ. संदीप, रामफल, विकास ठकराल, अर्चना ठकराल, रामनिवास, अंजु अनेजा, प्रवीन, राजू, गरिमा बंसल के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाविप विवेकानंद ने लगवाया वाटर कूलर

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से सेवा प्रकल्प को प्रमुखता से लेते हुए एक और वॉटर कूलर की स्थापना करवाई गई है। शाखा के गतिविधि संयोजक सेवा के प्रमुख सीताराम मंगल ने बताया कि 12 क्वार्टर रोड़ स्थित मोक्ष आश्रम में वॉटर कूलर लगवाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से शाखा सदस्य व मोक्ष आश्रम के सचिव सत्यकाम आर्या द्वारा वाटर कूलर की मांग की जा रही थी जिसे देखते हुए विवेकानंद शाखा ने स्वर्गीय देशराज जैन व दयावंती जैन की पुत्रियों के सहयोग से वॉटर कूलर की स्थापना करवाई है। इस अवसर पर शाखा सचिव सूर्य गोयल, अमर गोयल, मनीष जैन, मनीराम बंसल, सुमित मित्तल, अशोक गर्ग तिलकधारी, मुरारीलाल सिंगला, महिला संयोजिका डॉली जैन, रेनू मंगल, आरती बंसल, पिंकी गोयल उपस्थित रहे।

### सप्ताह में दो बार लगेगा मुफ्त नेत्र ऑपरेशन कैंप

**हिसार।** स्वास्थ्य सेवाओं की मिसाल कायम करने वाले दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में जरूरतमंद मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सप्ताह में दो बार निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। अब हर सप्ताह मंगलवार व शुक्रवार को अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्गों का फ्री नेत्र ऑपरेशन होगा। इतना ही नहीं यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि 21 अप्रैल को गुरुग्राम के सरस्वती बिल्डर स्वामी समाजसेवी सुरेश गोयल बड़ोपलिया व बड़ोपलिया परिवार के सहयोग से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के दौरान सुरेश गोयल, शिव गोयल व उनका परिवार एवं बड़ोपलिया परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### समाधान शिविर में विधायक रणधीर पनिहार व डीसी महेंद्र पाल ने सुनीं शिकायतें

# ग्रीन बेल्ट और सड़क पर अवैध कब्जे एचएसवीपी को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में नलवा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार तथा उपायुक्त महेंद्र पाल ने लोगों की शिकायतों को सुना। विधायक रणधीर पनिहार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में ग्राम पंचायत हरिकोट के निवासियों द्वारा हिसार-घग्घर चैनल के ऊपर ग्रामीणों के आवगमन के लिए पुल बनाने की मांग पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या के निदान की दिशा में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-16/17 निवासी देवा सिंह ने सेक्टर की विभिन्न समस्याओं तथा हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-15 ए के निवासियों ने ग्रीन बैल्ट एवं सड़क मार्ग पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत पर एचएसवीपी अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

इसी प्रकार गांव खासा महाजन निवासी विनोद गोदारा द्वारा फसल बीमा क्लेम न होने की शिकायत पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए। गांव पातन निवासी छोटूराम द्वारा विभाग को पानी कनेक्शन कटवाने संबंधी अनुरोध पत्र उपरांत भी बिल वसूली संबंधी शिकायत पर जल्द से जल्द इस समस्या पर संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगराधीश सुभाषचंद्र, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक रणधीर पनिहार व उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### हांसी में डीसी कार्यालय की सभी शाखाएं इसी सप्ताह होंगी स्थापित: सीटीएम



**हांसी।** सीटीएम हिमांशु चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और इसी कड़ी में डीसी कार्यालय की सभी शाखाओं को इसी सप्ताह स्थापित कर दिया जाएगा। सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सीटीएम ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। सीटीएम हिमांशु चौहान ने समाधान शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में गैरहाजिर पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शिविर के दौरान हांसी शहर के मोची मोहल्ला क्षेत्र में प्लाटों में बने गड्ढों की समस्या सामने आई, जिस पर सीटीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को तुरंत मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, चार कुतुब गेट निवासी मधु द्वारा अपने बच्चे की दिव्यांग पेंशन बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर सीटीएम ने सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पेंशन स्वीकृत करने के आदेश दिए। इस अवसर पर डीएसपी रविंद्र कुमार,तहसीलदार अनिल कुमार बिढान आदि मौजूद थे।

### निगम ने पुल तेलियान के आस-पास करवाई सफाई

हिसार। स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर निगम द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीएसआई राजकुमार ने बताया कि इसी कड़ी में जोन-1 के वार्ड 1 से 10 में मुलतानी चौक, डोगरान मोहल्ला, पत्थरों वाली गली, पुल तेलियान के आसपास क्षेत्र नियमित रूप से सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारी इन क्षेत्रों की गलियों को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही एचएसआई की टीम घर-घर जाकर कचरे के सही सेग्रीगेशन (गीला और सूखा कचरा अलग करना) के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। प्रत्येक घर से कचरा उठाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

# बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखकर किया पुलिस कार्रवाई का विरोध, जांच की मांग उठाई

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन ने हिसार पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हुए सोमवार को वर्क सस्पेंड कर दिया। इससे पहले बार के सदस्य एडवोकेट तरुण गोयल के अनुरोध पर जनरल हाउस की बैठक बुलाई गई। बैठक में उन्होंने बताया कि बीते शुक्रवार को तड़के 4 बजे पुलिस वाले उनके घर में घुसे और जब उनसे इसका कारण पूछा तो पुलिस उनको जबरदस्ती घसीटकर गाड़ी में डाल ले गए। आरोप है कि जब उनकी पत्नी व बेटियों ने कारण पूछा तो पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें गंदी गालियां दीं और अभद्र व्यवहार भी किया। बैठक में बार के सदस्यों ने पुलिस के इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अपने विचार रखे।

इसके बाद बार जनरल हाउस हिसार द्वारा लिए फैसले के अनुसार हिसार बार के अधिवक्ताओं ने सोमवार का कार्य स्थगित (वर्क सस्पेंड) रखा। बार एसोसिएशन ने पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल एसपी से भी मिला, जिन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। यदि कोई पुलिस अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि गत 16 अप्रैल को गुजवि में इनसो व जेजेपी युवा विंग ने उग्र प्रदर्शन किया था। इस मामले में विवि प्रशासन ने कैंपस में घुसकर वीसी कार्यालय का गेट क्षतिग्रस्त करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने रात को जेजेपी नेता एडवोकेट तरुण गोयल समेत 6 नेताओं को गिरफ्तार किया था।



हिसार। बार की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

## खबर संक्षेप



### गुजवि के भौतिकी विभाग में हुआ वार्षिक समारोह 'संगम'

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की फिजिक्स एसोसिएशन की ओर से वार्षिक समारोह 'संगम' का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विभागीय गतिविधियों का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम पारंपरिक दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ, उसके पश्चात मां सरस्वती के आह्वान और आशीर्वाद के साथ शुभारंभ दिया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र सिंह कुंडू, डीन फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. आशीष अग्रवाल, प्रो. नीतू अहलावत, डॉ. हरदेव, डॉ. रमेश, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. रवि भाटिया, डॉ. वंदना नागल, डॉ. साहिल, डॉ. डेविड जोसेफ, डॉ. जोगिंद्र, डॉ. दीपांजलि, अनूप, आरती, डॉ. कविता एवं डॉ. राहुल सहित अनेक गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्टैंड-अप कॉमेडी ने माहौल को और भी हास्यपूर्ण एवं मनोरंजक बना दिया। अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र सिंह कुंडू ने अपने संबोधन में फिजिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं समस्त पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व एवं समर्पण के लिए बधाई दी।



### एमकॉम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए हुई फेयरवेल पार्टी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एमकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीनियर विद्यार्थियों को विदाई देना तथा उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को संजोना था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे नृत्य, गीत एवं मनोरंजक गतिविधियां प्रस्तुत की गई, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान 'मिस्टर एंड मिस फेयरवेल' प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें लक्षिता को मिस फेयरवेल तथा प्रवीन को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभाग के शिक्षकों एवं साथियों का आभार व्यक्त किया। विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि तुरान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फेयरवेल केवल विदाई नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरुआत है।

### मंगाली में बौद्धिक संपदा अधिकार पर व्याख्यान

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय मंगाली में आईपीआर एवं आर एंड डी प्रकोष्ठ की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार पर महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी छात्रों को संबोधित करते हुए आज के गतिशील आर्थिक परिवेश में बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को नवाचार, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान की मुख्य वक्ता एडवोकेट लावण्या चौधरी ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार यानि आईपीआर आज के युग में नवाचार की रीढ़ हैं। इस अवसर पर आईपीआर एवं आर एंड डी प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. दयानंद आर्य, अजय कुमार और सीमा भी उपस्थित रहे।



### एचएयू में बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर वीसी ने किया संबोधित

# सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण एक दूसरे के पूरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में कुलसचिव कार्यालय द्वारा 'महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसताः डॉ. आंबेडकर का दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि जबकि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से प्रोफेसर विकास वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर विचार गोष्ठी के आयोजक एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार व उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजबीर गर्ग भी उपस्थित रहे।

कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। डॉ. अंबेडकर का दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील, न्यायपूर्ण और दूरदर्शी था। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान के लिए भी ऐतिहासिक कार्य किए।



हिसार। विचार गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रो. बीआर काम्बोज।

#### सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे बाबा साहेब

मुख्य वक्ता प्रो. विकास वर्मा ने महिलाओं की शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण साधन बताते हुए कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी, तभी समाज में वास्तविक समानता स्थापित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने जाति-प्रथा, छुआछूत तथा हर प्रकार के भेदभाव का सशक्त विरोध किया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने गोष्ठी में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान के प्रबल समर्थक थे। मंच का संचालन व धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. सतपाल ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में छात्र अमिश ने बाबा साहेब भीमराव आबेंडकर के जीवन पर आधारित एक कविता प्रस्तुत की।

### 12 बोतल अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान मोची मोहल्ला निवासी नरेश के रूप में हुई है। एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराध जांच के दौरान मोची मोहल्ला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान चरण सिंह मार्केट से एक व्यक्ति पैदल चलता हुआ आता दिखाई दिया लेकिन पुलिस को देखकर वह व्यक्ति अचानक पीछे भागने लगा, पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर उसके कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से अवैध देसी शराब की 12 बोतल बरामद हुई। अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

### फर्जीवाड़े का आरोप एक नामजद सहित बैंक कर्मी पर केस दर्ज

**हांसी।** मुजादपुर निवासी एक किसान के साथ करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने गांव मुजादपुर निवासी किसान विजेन्द्र की शिकायत के आधार एक बैंक कर्मचारी सहित कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई विजेन्द्र ने शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2019 में एचएलआरडीसी से 117 एकड़ जमीन पट्टे पर लेकर गन्ने की खेती शुरू की थी। इसी दौरान एक सुरेश कुमार नामक व्यक्ति उसके संपर्क में आया और उसने साझेदारी में खेती करने का प्रस्ताव दिया। जिस पर उसने सुरेश पर भरोसा करके उसके साथ कैथल में एक संयुक्त बैंक खाता खुलवाया। विजेंद्र ने आरोप लगाया कि सुरेश ने बैंक की खाली चेक बुक चोरी कर ली और चेक पर मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके खाते से कई करोड़ रुपये निकाल लिए। पीड़ित किसान ने इसे अपने धोखाधड़ी व विश्वासघात बताया है।


# रचनात्मक व अभिव्यक्तिपरक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- डीपीएस की पहल : हमारा विद्यालय, हमारा गौरव, हमारी जिम्मेदारी अभियान का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में आगामी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष पहल के रूप में हमारा विद्यालय, हमारा गौरव, हमारी ज़िम्मेदारी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यालय की संपत्ति के प्रति सम्मान, संरक्षण एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इस पहल के अंतर्गत कक्षा 1 से लेकर कक्षा 9 तथा कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं अभिव्यक्तिपरक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में रंग भरना, कविता वाचन, बुकमार्क निर्माण, नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, अनुच्छेद लेखन, निबंध लेखन, भाषण, नुक्कड़ नाटक तथा चिंतनात्मक लेखन जैसी गतिविधियां सम्मिलित रहीं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा और जागरूकता का परिचय दिया। सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को आगामी स्थापना दिवस पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि यह वह स्थान है जहां विद्यार्थियों के संस्कार और मूल्य विकसित होते हैं। इस अभियान के माध्यम से हम विद्यार्थियों में यह भावना जागृत करना चाहते हैं कि विद्यालय की प्रत्येक वस्तु हमारी अपनी है और उसकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था की पहचान उसके सदस्यों के व्यवहार और सोच से होती है।




हिसार। विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां। फोटो : हरिभूमि

### पत्रकारों से रूबरू हुईं भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता

# कांग्रेस व विपक्षी दलों की तुच्छ सोच की वजह से गिरा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : नेहा धवन

कहा- 5 राज्यों के चुनावों में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा इसका खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिरने को कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की तुच्छ सोच का परिणाम बताया है।



उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने यह अधिनियम गिराकर देश की आधी आबादी से उसका हक छीना है। नेहा धवन सोमवार को पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल का दिन देश के इतिहास में ऐतिहासिक हो सकता था और स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था, लेकिन कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की गलत मंशा के कारण यह दिन काले अक्षरों में लिखा गया। कांग्रेस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनका हक मिले और महिलाएं आगे आएं। कांग्रेस के इस कृत्य में ममता बनर्जी व सपा ने भी पूरा साथ दिया।

नेहा धवन ने कहा कि कांग्रेस के इस कृत्य से देश की महिलाओं में भारी गुस्सा है और आने वाले पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव सरोज सिहाग, जिला सचिव पिंकी शर्मा, प्रोमिला पूनिया, जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, विनोद तोसावड़, धर्मबीर पानू सहित अन्य पदाधिकारि मौजूद थे।

#### महिला आरक्षण पर भाजपा का भ्रम फैलाना बंद हो : बृजलाल



**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के अधिकारों को लेकर देश में भ्रामक प्रचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था, जिसमें कांग्रेस पार्टी ने पूर्ण समर्थन दिया। इसके बावजूद भाजपा द्वारा यह झूठ फैलाया जा रहा है कि कांग्रेस महिला विरोधी है, जो पूरी तरह निराधार और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। बृजलाल बहबलपुरिया ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने के बजाय उसे परिसीमन और जनगणना से जोड़कर जानबूझकर टालने का काम किया है। अगर सरकार की नीयत साफ होती, तो इसे मौजूदा सीटों पर भी लागू किया जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को पहले से ही अंदाजा था कि इस मुद्दे पर उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी इस अवसर पर पूर्व बरवाला प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गंगवा, पूर्व टैक्स एंड ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल बूरा, एडवोकेट कमल सहरावत, कमलेश रॉय, गीता आहूजा, हरफूल खान भट्टी, रमेश चाहर, नरेंद्र पुनिया लाडवा भी उपस्थित रहे।



हिसार। हिसार से अमृतसर तक ट्रेन के विस्तार के लिए सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन सौंपते शिष्टमंडल के सदस्य।

# हिसार से लुधियाना जाने वाली ट्रेन को अमृतसर तक बढ़ाने की मांग

**हिसार।** हिसार से अमृतसर जाने वाले यात्रियों को ट्रेन की सीधी समुचित सुविधा न होने के कारण परेशानी झेलनी पड़ती है। वर्तमान समय में हिसार से लुधियाना की ट्रेन उपलब्ध है। यात्रियों को लुधियाना पहुंचकर अमृतसर की ट्रेन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

इस प्रक्रिया में असुविधा होने के साथ-साथ अधिक समय व संसाधन भी खर्च होते हैं। इस समस्या को समझते हुए हिसार के शिष्टमंडल ने सांसद, विधायक व मेयर को ज्ञापन सौंपकर हिसार से अमृतसर तक ट्रेन शुरू करने की मांग की है। समाजसेवी शिवम सोनी, दिनेश कुमार, श्याम सुंदर नागपाल व दीपक नागपाल के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने हिसार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, सांसद जयप्रकाश, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, विधायक चंद्रप्रकाश व नगर निगम मेयर प्रवीन पोपली से मुलाकात करके उन्हें मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि अब हिसार से लुधियाना की ट्रेन सुविधा है। इसका विस्तार करते हुए अमृतसर तक की ट्रेन शुरू की जाए।